राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

## प्रेस–विज्ञप्ति

# राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के '150वें जयंती वर्ष' की पूर्व संध्या में 'भजन संध्या' का कार्यक्रम आयोजित हुआ

पटना, 01 अक्टूबर 2018

आज राजभवन परिसर स्थित राजेन्द्र मंडप में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 150वें जयन्ती–वर्ष की पूर्व संध्या में 'भजन–गायन' का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरूआत संत कवि नरसिंह मेहता रचित बापू के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, जे पीर पराई जाणे रे' से हुई। 'भजन संध्या' की शुरूआत सुप्रसिद्ध भजन–गायक श्री अजित कुमार लाभ ने की। उन्होंने बापू के प्रिय चार भजनों को प्रस्तुत किया, जिनमें मीराबाई रचित 'हरि तुम हरो जन की भीर' तथा 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो' एवं 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम' शीर्षक भजन शामिल थे।

कार्यक्रम के दूसरे गायक श्री अमर आनंद ने सूफी भजनों के गायन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने सूफी संत अमीर खुसरो की रचना –'छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नयना मिलाइके' –की अत्यन्त उत्कृष्ट संगीतमय प्रस्तुति की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सोमा चक्रवर्त्ती ने किया।

इस 'भजन संध्या' के कार्यक्रम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री राम नारायण मंडल, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह सहित अन्य कई गणमान्य जन तथा राज्य सरकार एवं राज्यपाल सचिवालय के कई वरीय अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

.....................................................